सी.एस.आई.आर. - केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान
CSIR – CENTRAL ROAD RESEARCH INSTITUTE
दिल्ली - मथुरा रोड़ / DELHI MATHURA ROAD,
नई दिल्ली / NEW DELHI – 110025
(www.crridom.gov.in)

सं.1(690)/2026-कार्मिक   दिनांक: 10.06.2026

NOTICE / सूचना

विषय : CSIR-CRRI विज्ञापन सं. 02/PC/Non-Tech-2026 के द्वारा अधिसूचित विविध कार्य कर्मचारी (MTS) के दस (10) पदों पर भर्ती हेतु ट्रेड टेस्ट की संभावित तिथि एवं ट्रेड टेस्ट में न्यूनतम अर्हकारी अंक प्राप्त करने के संबंध मे।

संस्थान के विज्ञापन संख्या 02/PC/Non-Tech-2026 द्वारा अधिसूचित *विविध कार्य कर्मचारी के 10 (दस) पदों{04 पद अनारक्षित, 04 पद अ.पि.वर्ग.-एनसीएल/OBC-NCL, 02 पद आर्थिक रूप से कर्मजोर वर्ग/ EWS के लिए आरक्षित। उक्त कुल 10 पदों में से 01 पद भूतपूर्व सैनिक / Ex-Serviceman तथा 01 पद बेंचमार्क श्रेणी के दिव्यांगजन /PwBD (Blind/Low Vision) के लिए आरक्षित है},* के संबंध मे, यह सूचित किया जाता है कि सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अनुसार MTS पद हेतु सफलतापूर्वक आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों को ट्रेड टेस्ट मे भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। MTS पद के लिए ट्रेड टेस्ट जुलाई माह के द्वितीय सप्ताह में होने की संभावना है एवं इस संबंध में ट्रेड टेस्ट के आयोजन के लिए निर्धारित तिथि की सूचना CSIR-CRRI की आधिकारिक वेबसाइट पर उचित समय पर अधिसूचित की जाएगी ।

2. ट्रेड टेस्ट अधिकतम 100 अंको का होगा एवं अर्हक/Qualifying प्रकृति का होगा। ट्रेड टेस्ट में न्यूनतम अर्हकारी अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जाएगा। ट्रेड टेस्ट qualify करने के लिए न्यूनतम अर्हकरी अंक /minimum qualifying marks निम्न अनुसार होंगे:

(i) अनारक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए	:	कम से कम 40 अंक
(ii) अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उम्मीदवारों के लिए	:	कम से कम 35 अंक
(iii) भूतपूर्व सैनिक वर्ग के उम्मीदवारों के लिए	:	कम से कम 30 अंक
(iv) बैंचमार्क श्रेणी के दिव्यांग / PwBD(B/LV) उम्मीदवारों के लिए	:	कम से कम 25 अंक

3. विविध कार्य कर्मचारी (MTS) के पद हेतु विज्ञापन मे दिए गए कार्य आवश्यकताओं के अनुसार ट्रेड टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। ट्रेड टेस्ट 6-8 दिनों में सम्पन्न होने की संभावना है, अतः प्रत्येक उम्मीदवारों को उनके ट्रेड टेस्ट की निर्धारित तिथि, रिपोर्टिंग समय (Reporting Time), आदि की सूचना CSIR-CRRI की आधिकारिक वेबसाइट पर उचित समय पर अधिसूचित की जाएगी। अतः संबन्धित उम्मीदवारों को यह सलाह दी जाती है कि वे CSIR-CRRI की आधिकारिक वेबसाइट **www.crridom.gov.in** का समय-समय पर अवलोकन करते रहें।

4. ***यह भी सूचित किया जाता है कि सभी उम्मीदवारों की उम्मीदवारी अनंतिम (provisional) है एवं विज्ञापन मे दिए आवश्यक योग्यता एवं मानदंड पूर्ण करने के अधीन है। यदि चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत प्रमाण पत्र/ दस्तावेज वैध नहीं है या फिर किसी मान्यता प्राप्त कॉलेज/ विश्वविद्यालय /संस्थान/प्राधिकरण द्वारा जारी नहीं किया गया है या आवेदन शुल्क (जहां भी लागू हो) नहीं जमा किया गया है या उनके द्वारा आवेदन पत्र में किया गया कोई भी दावा/ दस्तावेज़ जाली/गलत पाया जाता है, तो चयन होने के उपरांत भी किसी भी स्तर पर उनकी उम्मीदवारी को अस्वीकार / निरस्त कर दिया जाएगा।***

हस्ता/-
(वरिष्ठ प्रशासन नियंत्रक)

प्रति :-

1. सभी सूचना पट्ट
2. प्रमुख, सी सी एन - उक्त सूचना संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु अनुरोध के साथ।
3. कार्यालय प्रति